तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 बेसिक साइंस, पर्यावरणीय समस्या पर हुई चर्चा





12 अंकोरी में जगन्नाथ मंदिर वार्षिक उत्सव का...




## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने धारदार हथियार लेकर घूम रहे एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक भलेसर रोड मुक्तिधाम महासमुंद के पास लोहे का कत्तल लेकर घूम रहा है। सूचना पुलिस ने आरोपी भानू हरपाल पिता द्वारिका हरपाल (25 वर्ष) वार्ड नं 13 रावणभाठा बागबाहरा हाल निवास वार्ड नं 30 नया रावणभाठा कृष्णा मंदिर के पास महासमुंद के कब्जे से 1 नग लोहे का कत्तल बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सिनोधा में मारपीट आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम सिनोधा में टावर को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को सिनोधा के पीतांबर साहू ने बताया कि 26 अप्रैल की देर शाम करीबन 07.30 बजे गांव की मीटिंग में बुलाया गया था। जहां पहुंचकर प्रार्थी ने बताया कि वह अपनी जमीन में ही टावर लगवा रहा हूं, आप लोगों को आपत्ति है तो जमीन का सीमांकन करवा लो। इस पर गांव के नागदेव साहू, काशीराम साहू एवं अन्य लोग उत्तेजित होकर कहने लगे कि तुम हमारे आने-जाने के रास्ते को बंद कर रहे हो। ऐसा कहकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कार की टक्कर से पिकअप क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** ग्राम लभरा के सर्किट हाउस के पास कार की टक्कर से पिकअप क्षतिग्रस्त हो गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि कुलेश्वर यादव 26 अप्रैल को अपनी पिकअप क्र सीजी 04 जेसी 9672 से सरीन हैचरी कोसरंगी से महासमुंद आ रहा था, शाम करीब 4.30 बजे सर्किट हाऊस के सामने ग्राम लभरा के पास पीछे की ओर से आ रही इको क्र सीजी 22 के 3605 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते आकर उसके वाहन को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।




# झूठी शिकायत पर काटा कनेक्शन धरना के बाद हुई बिजली सुचारू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अज्ञात व्यक्ति की कथित झूठी शिकायत के आधार पर गरीब परिवार का कनेक्शन विच्छेद किए जाने पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं पार्षद प्रतिनिधि जसमीत सिंह उर्फ बादल मक्कड़ के नेतृत्व में कलेक्टोरेट के सामने धरना प्रदर्शन किए जाने के बाद तत्काल विभाग द्वारा मीटर लगाए जाने की कार्रवाई की गई।

बता दें कि इस मामले में सामाजिक कार्यकर्ता जसमीत बादल सिंग मक्कड़ ने इस बाबत शासन-प्रशासन को अवगत कराया था। बादल ने बताया कि मोहल्ले के निवासी रामअवतार ध्रुव पिता स्व. रामसिंग ध्रुव अपने परिवार के साथ रहकर अपना जीवन यापन कर रहा है, जिसकी विद्युत कनेक्शन को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा झूठे तौर पर शिकायत करने पर काट दिया गया तथा उनके द्वारा नया विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन दिये जाने के बाद भी उनको नया विद्युत कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है, जिससे रामअवतार ध्रुव पिता स्व. रामसिंग ध्रुव व उनका परिवार भीषण गर्मी मे परेशान हो रहे हैं।

### शौचालय निर्माण का मामला अटका

28 साल से यह आदिवासी परिवार जिस स्थान पर रह रहा है उस स्थान पर आदिवासी परिवार को शौचालय बनाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। आबादी जमीन पर राजस्व दल द्वारा नजरी नक्शा नही प्रदाय किए जाने के चलते शौचालय निर्माण का कार्य अटका हुआ है। बादल मक्कड ने कहा है कि आदिवासी परिवार के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संदेह : मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप, मामला धरमपुर का

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत, चार माह की थी गर्भवती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

सांकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धरमपुर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान रजनी प्रधान (पति डिगेश प्रधान) के रूप में हुई है, जिसने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, मायके पक्ष ने इसे हत्या बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रजनी प्रधान की शादी करीब 1 वर्ष 4 माह पहले हुई थी और वह 4 माह की गर्भवती भी थी। घटना सोमवार की बताई जा रही है। ससुराल पक्ष जहां इसे आत्महत्या बता रहा है, वहीं मृतका के मायके वालों का आरोप है कि रजनी की गला दबाकर हत्या की गई और बाद में उसे फांसी पर लटकाकर मामला आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। मृतका के पिता अशोक साहू ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शादी के एक साल बाद भी ससुराल पक्ष द्वारा सामान की मांग जारी रही, जिसके चलते उन्होंने बड़ा कूलर और वॉशिंग मशीन भी दिया था। इसके बावजूद उनकी बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा।



### समाज प्रमुखों ने समझाइश देकर भेजा था ससुराल

परिजनों के अनुसार रजनी कुछ समय पहले करीब 2 महीने तक अपने मायके में रह रही थी। जनवरी माह में समाज के प्रमुखों द्वारा समझाइश देकर उसे वापस ससुराल भेजा गया था। इसके बाद भी कथित रूप से प्रताड़ना जारी रही। घटना के बाद मायके पक्ष द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की बात कही जा रही है। मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।



### बाइक से गांजा का अवैध परिवहन, दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से गांजा का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों के खिलाफ कोमाखान पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से तीन लाख रुपए से ज्यादा का गांजा जब्त किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक लाल रंग की अपाचे मोटरसायकल क्र0 ओडी 08 जी 1028 में 02 व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने टेमरी नाका में उक्त बाइक को रोककर पूछताछ की। जिस पर संदेहियों ने अपने नाम जयधर महानंद उर्फ सोनू पिता त्रिलोचन महानंद (23 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 12 डुडूकेल थाना गोलामुंडा जिला कालाहांडी ओडिसा और हेमंत महानंद पिता अरूण महानंद (28 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 12 डुडूकेल थाना गोलामुंडा जिला कालाहांडी ओडिसा का निवासी होना बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के बैग कुल 06 किलो 90 ग्राम गांजा कीमत 304500 रुपे, बाइक कीमत 40,000 रुपए, मोबाइल को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(II)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# जनदर्शन में जल समस्याओं के निराकरण के लिए पहुंचे जोगीडीपा के ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। सीईओ नंदनवार ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ग्राम मुरकी महासमुंद निवासी भारत राम सोनवानी ने सीमांकन रिपोर्ट प्रदान करने आवेदन सौंपा। इसी तरह ईमली भाठा निवासी मंजू साहू ने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति हेतु, रमनटोला निवासी वर्ष साहू ने बच्चे का एडमिशन आरटीई के तहत कराने के संबंध में, ग्राम रायतुम निवासी पंचराम मोंगरे ने भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में त्रुटि सुधार कर लाभ दिलाने के लिए, महामाया पारा महासमुंद निवासी रजनी बाई दुबे ने अंत्योदय राशन कार्ड के बंद होने के सबंध में एवं ग्राम जोगीडीपा के ग्रामीणों ने जल समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दिए। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, अवैध अतिक्रमण, लंबित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### हरि कीर्तन करते निकली पदयात्रा, गौ सेवकों ने राष्ट्रपति ने नाम सौंपा ज्ञापन

**सरायपाली।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के अन्तर्गत मोहनी एकादशी के दिन भारतवर्ष के गौ प्रेमी संतों, गौ सेवकों एवं गौ रक्षकों के संयुक्त आह्वान पर गौ सम्मान आह्वान अभियान आहूत की गई। कार्यक्रम के प्रधान संरक्षक गौ माता सुरभि एवं अध्यक्ष नंदी महाराज थे। जिसमें भारतवर्ष के सभी तहसील केंद्रों को 11000 हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था और 27 अप्रैल प्रातः 10 बजे गौ माता के नेतृत्व में एक निश्चित स्थान पर एकत्रीकरण के पश्चात तहसील केंद्रों तक हरी नाम संकीर्तन करते हुए शांतिपूर्ण पदयात्रा के पश्चात तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी, सभी राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसी तारतम्य में तहसील केंद्र में भी गौ सम्मान आह्वान अभियान का कार्यक्रम आहूत किया गया। जिसमें हिन्दु संगठनों से जुड़े प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं ने कठिन परिश्रम करते हुए हस्ताक्षर अभियान और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगर के प्रत्येक क्षेत्रों में उनके कार्यकर्ताओं को धरातल पर उतार कर वृहद जनसंपर्क कर हस्ताक्षर अभियान एवं इस गौ सम्मान आह्वान अभियान के विषय में जन जागृति किया। पदमपुर रोड स्थित दुर्गा मंदिर में समस्त हिंदू संगठनों सामाजिक संगठनों से जुड़े गौ भक्तजप जुटे।

# पुलिस बल को दिया जा रहा कराते सेल्फ डिफेंस मार्शल आर्ट का विशेष प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महासमुंद पुलिस विभाग द्वारा आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में कराते मास्टर नीलकंठ साहू, मास्टर शेखर साहू एवं महिला कराते प्रशिक्षिका खुशी साहू द्वारा महिला पुलिस को वूमेंस सेफ्टी सेल्फ डिफेंस का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 10 से 15 दुश्मनों को पल भर में पछाड़ने की विशेष कला काता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे पुलिस बल में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

पुलिस विभाग की आरआई दीप्ति कश्यप ने बताया कि कई बार अपराधियों से मुठभेड़ हो जाती है और अपराधी भी हमला कर देते हैं, उस स्थित में अपना बचाव कर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने के लिए कराते मार्शल आर्ट बहुत उपयोगी सिद्ध होता है। उन्होंने बताया कि कराते के अभ्यास से न केवल अपना सुरक्षा किया जा सकता है बल्कि शरीर को भी फिट रखा जा सकता है। कराते मास्टर द्वारा सिखाए जा रहे कराते के सारे दांवपेंच बहुत ही सरल और बहुत ही खतरनाक है। जिसमें एक-एक उंगली को एक खतरनाक हथियार के रूप में उपयोग करने के साथ-साथ वन मैन आर्मी स्पेशल कमांडो ट्रेनिंग का भी विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 14 अप्रैल से प्रारंभ हुए सुबह 7 से 8 तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में भारी संख्या में पुलिस बल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उत्कृष्ट कराते प्रशिक्षक ईशान साहू, निकुंज साहू, तुषार डडसेना, फमेश्वरी सिन्हा, तुलसी बया, भूमिका सोनवानी, गीता नायक, डिंपल गोस्वामी, कंचन यादव, दमयंती नायक, तमन्ना नायक, कृष्ण देव बाग, राशि साहू, मानसी साहू, प्रांजल साहू, प्रभात गिरी गोस्वामी द्वारा कराते सेल्फ डिफेंस, मार्शल आर्ट, योगा, जुंबा डांस, मेडिटेशन के साथ साथ एक से अधिक लोगों से लड़ने की जापानी शैली काता कुमिते का स्पेशल ट्रेनिंग दिया जा रहा है।

# दो दिनों के भीतर लंबित प्रकरणों के निराकरण के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सीईओ हेमंत नंदनवार ने सुशासन तिहार की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सभी ब्लॉक में 01 मई 2026 को एक-एक क्लस्टर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी जनपद सीईओ को संबंधित शिविर क्षेत्र के गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि क्लस्टर स्तर पर शिविर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें विभागों द्वारा शासकीय एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही विभागों से पात्र हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजनाओं का लाभ वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभागों को योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों का अनुभव साझा करने कहा है। ताकि, अधिक से अधिक लोग प्रेरित हो सके।

सभी विभागों को शिविरों में अधिक से अधिक मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त कर एक माह के भीतर निराकरण करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने सभी विभागों को एक माह से अधिक लंबित प्रकरणों का 30 अप्रैल तक प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। सभी विभागों को समन्वय के साथ क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। शासन के मंशानुरूप सुशासन तिहार में भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित प्रकरण, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया है।




बैठक में सीईओ नंदनवार ने सभी कार्यालयों में आधार आधारित उपस्थिति अनिवार्य करने तथा ई-फाइल प्रणाली को शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनगणना 2027 अंतर्गत शेष 3 दिनों में सभी अधिकारियों को ऑनलाइन लिंक के माध्यम से स्वगणना फार्म भरने तथा सभी जनपद सीईओ, ग्राम स्तर पर ग्राम सचिव, रोजगार सहायिका के माध्यम अधिक से अधिक लोगों को स्वगणना फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए।

सीईओ ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अप्रैल, मई एवं जून माह के चावल भंडारण की समीक्षा करते हुए भंडारण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। नान (नागरिक आपूर्ति निगम) के अधिकारी ने जानकारी दी कि 3 माह का चावल भंडारण 85 प्रतिशत किया जा चुका है, 5 दिनों के भीतर शत प्रतिशत भंडारण कर लिया जाएगा। सीईओ ने सभी राशन दुकानों में चावल वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### जल संरक्षण के लिए विशेष अभियान

जल संरक्षण के लिए मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के तहत विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने किसानों को खेतों में जल संरक्षण संरचनाएं बनाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा प्रधानमंत्री आवासों में सोख्ता गड्ढा एवं भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही इस अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान का क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं, जनशिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। सीईओ ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।




# सही दवा-शुद्ध आहार अभियान के तहत जिले में सघन जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदेशभर में सही दवा शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 27 अप्रैल से 11 मई 2026 तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत आम नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तायुक्त एवं मानकयुक्त दवाओं और खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, मिलावट एवं नकली दवाओं पर नियंत्रण तथा सुरक्षित खाद्य एवं प्रसाधन सामग्री के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है।

- बागबाहरा में स्ट्रीट फूड सेंटर और कॉस्मेटिक दुकानों का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त सहयोग से खाद्य प्रकोष्ठ एवं औषधि प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। डॉ. आई. नागेश्वर राव, उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन महासमुंद के मार्गदर्शन में दोनों प्रकोष्ठों द्वारा जांच एवं जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।



खाद्य प्रकोष्ठ के अंतर्गत नोडल अधिकारी एवं अभिहित अधिकारी उमेश कुमार के नेतृत्व में गठित संयुक्त दल ने बागबाहरा बस स्टैंड, मेन रोड एवं अस्पताल के सामने स्थित क्षेत्रों में कुल 30 चाट, गुपचुप सेंटर एवं अन्य स्ट्रीट वेंडर्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों के संबंध में संचालकों को जागरूक किया गया तथा खाद्य पंजीयन बनाने के निर्देश दिए गए। दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई सहित राजस्व विभाग के प्रतिनिधि शामिल रहे।

औषधि प्रकोष्ठ के अंतर्गत नोडल अधिकारी तृप्ति जैन, सहायक औषधि नियंत्रक के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बागबाहरा ब्लॉक में 05 कॉस्मेटिक दुकानों, एजेंसियों एवं फैंसी स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों के तहत दुकानों के रख-रखाव, भंडारण एवं क्रय-विक्रय व्यवस्था की जांच की गई। निरीक्षण दल में औषधि निरीक्षक अवधेश भारद्वाज, अखिलेश पांडेय तथा नायब तहसीलदार बागबाहरा शामिल रहे। अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों को नियमों के पालन एवं सुरक्षित प्रसाधन सामग्री के विक्रय संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी।

## खबर संक्षेप

### एरियर्स समेत 2 फीसदी डीए जारी करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशनने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित प्रदान किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ, कमल वर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता एरियर्स सहित प्रदान करने का वादा किया है। वर्तमान में प्रदेश के कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, जो केंद्र सरकार की दर से 2 प्रतिशत कम है। उन्होंने अवगत कराया कि केंद्र सरकार द्वारा 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है, जबकि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को अभी तक इसका लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि घोषणापत्र के अनुरूप प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर्स सहित देय तिथि से स्वीकृत करने हेतु आवश्यक निर्देश शीघ्र जारी किए जाएं।

### छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक नियम-2025-26 को निरस्त करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक नियम 2025-26 को अनियमित कर्मचारी विरोधी नियम करार दिया है। साथ ही इस नियम को निरस्त करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू का कहना है कि यह नया नियम अनियमित आंदोलन को कुचलने का प्रयास है। उन्होंने कहा है कि इस प्रावधान से प्रदेश लाखों अनियमित कर्मचारी, जो अपने अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें सरकार से मान्यता नहीं मिलेगी। पूर्व में भी समय-समय पर अनियमित कर्मचारी संघों ने इस नियम पर विरोध दर्ज कराया है।

### 2 फीसदी डीए-डीआर पर कैबिनेट बैठक में हो फैसला

**रायपुर।** 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में प्रस्तावित कैबिनेट बैठक से पहले भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों और पेंशनरों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने के बाद भी छत्तीसगढ़ के कर्मचारी-अधिकारियों को 2 फीसदी कम डीए मिल रहा है, जो उनके साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार केंद्र के समान डीए प्रदान कर इस विसंगति को तत्काल दूर करे। उन्होंने यह भी कहा कि डीए में विलंब के कारण एरियर्स की राशि लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे कर्मचारियों और पेंशनरों में आक्रोश व्याप्त है। यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो लाखों रुपए का एरियर्स प्रभावित हो सकता है। महासंघ ने राज्य सरकार से अपेक्षा की है कि कैबिनेट बैठक में इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर शीघ्र निर्णय लिया जाए, ताकि कर्मचारी-अधिकारियों एवं पेंशनरों को उनका न्यायोचित अधिकार मिल सके।

### पीड़ित परिवार को चार लाख की आर्थिक सहायता

**रायपुर।** राज्य में प्राकृतिक आपदा के दौरान मृत व्यक्ति के निकट परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा कुलदीप शर्मा ने आरबीसी की धारा 6-4 के तहत यह मानवीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी तहसील ग्राम गबौद निवासी प्यारेलाल डहरिया की मृत्यु सर्पदंश के कारण हो गई थी। इस दुखद घटना के बाद पीड़ित परिजन ईश्वरी बाई के आवेदन पर प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नियमानुसार सहायता राशि स्वीकृत की है।

## नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन आंदोलन

# तेज गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच धरने पर डीएड सीएएफ अभ्यर्थी, डिहाइड्रेशन से तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ डीएड अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड चयनित अभ्यर्थी सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं। नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर 43 डिग्री तापमान के बावजूद लू के थपेड़े सहते अभ्यर्थी आंदोलन के 126वें दिन भी यहां पर डटे हुए हैं। धरना-प्रदर्शन कर रहे मुंगेली के डीएड चयनित अभ्यर्थी शैलेंद्र साहू की तबीयत खराब होने के बाद उसे राजधानी के बालाजी हास्पिटल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उनके पेट के अल्सर का ऑपरेशन किया है। इसी तरह तेज गर्मी और उमस के बीच धरना दे रहे महासमुंद के कुलेश्वर राठौर को लू लगने पर उनके साथियों ने एबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अभनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। धरनास्थल पर कुछ अभ्यर्थी ऐसे भी हैं, जो लगातार पंडाल में अनशन पर बैठे हैं, उन्हें डिहाईड्रेशन की शिकायत भी हो रही है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन का कोई भी अफसर प्रदर्शनकारियों की सुध लेने नहीं पहुंचा।

### दिन में तेज गर्म हवा, रात को सुरक्षा की चिंता, दो कूलर पड़ रहे कम

प्रदेश दूरस्थ अंचल, बस्तर,सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, बिलासपुर, मुंगेली, राजनांदगांव सहित अन्य जिलों से अपने लंबित मांग को लेकर प्रदर्शन करने नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर तेज गर्मी के बीच जहां दिन में गर्म हवा और उमस के बीच प्रदर्शनकारी आंदोलन कर रहे हैं, वहीं रात के समय खुले मैदान होने की वजह से अनजान जगह पर उन्हें अपने सुरक्षा की चिंता सता रही है। हालांकि गर्मी से बचाव के लिए आंदोलनकारियों ने जैसे-तैसे कर 2 कूलर की व्यवस्था की है, पर लू के थपेड़ों के आगे कूलर भी काम नहीं कर रहे।



**पानी कमी से आ रहे चक्कर, 4 माह से धरना :** धरना-प्रदर्शन में शामिल डीएड अभ्यर्थी संजय कुमार ने हरिभूमि को बताया कि पिछले 4 माह से 1316 डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराने जद्दोजहद कर रहे हैं। टीन का शेड और तेज धूप से धधक रहे धरनास्थल पर सुविधाओं के अभाव से भी दूरदराज से आए अभ्यर्थी काफी परेशान हैं। शौचालय में सफाई की भारी कमी और पीने के पानी की समस्या से भी उन्हें रोज जूझना पड़ रहा है।



### सशस्त्र बल 2018 प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों का धरना

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 2018 प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग को लेकर तूता धरनास्थल पर बेमियादी आंदोलन कर रहे हैं। इनमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थी शामिल हैं। प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति देने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों के साथ उनके परिवार के सदस्य भी संबल बढ़ाने प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। धरनास्थल सुबह से लेकर देर शाम तक प्रदर्शनकारियों की आवाजाही देखी जा सकती है।

### गुपचुप पानी और एक्सपायर ब्रेड नष्ट

गठित खाद्य निरीक्षकों की टीम ने पहले दिन राजधानी के स्ट्रीट फूड वेंडरों को जांच के दायरे में लाया। इस दौरान विभिन्न स्थानों की 27 चाट-गुपचुप दुकानों में जांच की। अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि एक संस्थान में रंग मिलाए गए 20 लीटर गुपचुप पानी को नष्ट कराया गया। वहीं एक संस्थान में एक्सपायरी हो चुकी दो किलो से ज्यादा ब्रेड का भी नष्टीकरण किया गया। दो स्थानों से समोसा, चाट एवं दही बड़े के सैंपल जांच के लिए उठाए गए। खाद्य निरीक्षकों की टीम ने इस दौरान स्ट्रीट फूड वेंडरों को इस बात की विशेष ताकीद की कि वे साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें, खाद्य पदार्थों को तलने के लिए तेल का ज्यादा उपयोग न करें।

# निंदा प्रस्ताव का कानून पर कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं : अकबर

**छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार निंदा प्रस्ताव के लिए विशेष सत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित विशेष विधानसभा सत्र और निंदा प्रस्ताव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर ने कहा है कि निंदा प्रस्ताव का किसी भी कानून पर कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं होता और इसे केवल एक राजनीतिक संदेश देने के रूप में देखा जाना चाहिए।



उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन विधेयक पारित न हो पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। श्री अकबर के अनुसार, महिला आरक्षण से जुड़ा कानून पहले ही वर्ष 2023 में "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के रूप में पारित हो चुका है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

### विपक्षी दलों पर गलत आरोप

मो. अकबर ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे की आड़ में विपक्षी दलों पर गलत आरोप लगा रही है। उनके मुताबिक, जब "मनमाने परिसीमन" की कोशिश सफल नहीं हुई तो गैर-भाजपा दलों पर विधेयक को रोकने का आरोप लगाया जा रहा है। पूर्व मंत्री ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 174 राज्यपाल को विधानसभा सत्र बुलाने का अधिकार देता है। हालांकि व्यवहार में यह निर्णय मंत्रिपरिषद की सलाह पर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो किसी विशेष मुद्दे पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुला सकती है। आमतौर पर ऐसे सत्र महत्वपूर्ण विधायी कार्य, बजट पारित करने, विश्वास मत या आपात परिस्थितियों में बुलाए जाते हैं, लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विशेष सत्र बुलाए जा सकते हैं।

### निंदा प्रस्ताव प्रतीकात्मक

मो. अकबर ने कहा कि विधानसभा का उद्देश्य राज्य स्तर पर शासन चलाना और स्थानीय समस्याओं का समाधान करना है। उनके अनुसार, निंदा प्रस्ताव आमतौर पर नियमित सत्र में विपक्ष द्वारा सरकार की नीतियों या कार्यों की आलोचना के लिए लाया जाता है। उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहली बार है, जब निंदा प्रस्ताव के लिए विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। श्री अकबर के मुताबिक, "विधानसभा द्वारा पारित निंदा प्रस्ताव पूरी तरह प्रतीकात्मक होता है। इसका किसी कानून पर कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन यह एक राजनीतिक संदेश देने का माध्यम जरूर होता है।"

## भूख हड़ताल पर बैठी एनएसयूआई

# कुलसचिव ने कहा-पैसे देकर आप भी करा लें आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में केलकर जयंती पर विश्वविद्यालय का माहौल गर्माया रहा। एबीवीपी के संस्थापक और आरएसएस कार्यकर्ता रहे यशवंत केलकर के जयंती समारोह को लेकर एनएसयूआई में रोष नजर आया। जयंती समारोह का आयोजन एबीवीपी द्वारा रविवि ऑडिटोरियम में किया गया था। एनएसयूआई ने आयोजन स्थल प्रदान किए जाने पर आपत्ति जताते हुए विवि प्रशासन पर विचारधारा विशेष को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इसके विरोध में एनएसयूआई ने एक दिवसीय भूख हड़ताल (सत्याग्रह) किया। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर "आरएसएस-एबीवीपी गो बैक" के नारों के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन का घेराव किया और अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कुलसचिव से मुलाकात के दौरान तीखी नोकझोंक भी हुई।

- केलकर जयंती पर गर्म रहा कैंपस, तैनात रहा पुलिस बल
- भूख हड़ताल पर बैठी एनएसयूआई, एबीवीपी ने मनाई जयंती

कुलपति से मुलाकात नहीं होने पर ए न ए स यू आ ई कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव शैलेंद्र पटेल से मुलाकात की। विचारधारा विशेष को बढ़ावा दिए जाने के आरोप में कुलसचिव ने भुगतान की वह रसीद दिखाई जो एबीवीपी ने हॉल प्रदान करने के बदले प्रदान की थी। कुलसचिव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यदि वे आयोजन कराना चाहते हैं तो वे भी निर्धारित राशि प्रदान कर स्थल प्राप्त कर सकते हैं।

### यूजीसी नियमों का उल्लंघन

एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि एनईपी और यूजीसी के नियमों का उल्लंघन करते हुए विश्वविद्यालय परिसर को राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके माध्यम से विवि के शैक्षणिक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है। संगठन सदस्यों ने कहा, विश्वविद्यालय एक शैक्षणिक संस्थान है, जहां छात्रों के मूलभूत मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए, न कि किसी एक विचारधारा को थोपने का प्रयास किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय शिक्षा का केंद्र है। इसे किसी एक विचार की राजनीति का अड्डा नहीं बनाना चाहिए। प्रदर्शन एनएसयूआई के विवि प्रभारी पुनेश्वर लहरे के नेतृत्व में हुआ। समर्थन में प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, जिलाध्यक्ष शांतनु झा, हेमंत पाल, अमित शर्मा, गावेश साहू, अनुज शुक्ला, अंकित बंजारे, महताब हुसैन, आलोक खरे सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# गढ़सिवनी में संकुल स्तरीय सेवानिवृत शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गढ़सिवनी संकुल स्त्रोत केंद्र अंतर्गत सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों का सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अपने अधिवार्षिकी पूर्ण करने वाले दिवाकर सिंह ठाकुर प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल अछोला, घासीराम कंवर व्याख्याता, नेमू सिंह ध्रुव व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल अछोला एवं श्रवण कुमार दास पूर्व संकुल प्राचार्य संकुल केंद्र गढ़सिवनी के साथ ही ख्याति प्राप्त डॉ समीर चंद्र प्रधान प्राचार्य सेजेस पटेवा का भी संकुल केंद्र परिवार की ओर से शाल श्रीफल अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेट कर ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि ग्राम पंचायत गढ़सिवनी के सरपंच खेमा लता ध्रुव, ग्राम पंचायत अछोला के सरपंच संतोष कुमार साहू, शासकीय हाई स्कूल अछोला के शाला विकास प्रबंधक समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ धीवर रैला की उपस्थिति एवं संकुल प्राचार्य तुलेंद्र कुमार सागर की अध्यक्षता व प्यारेलाल अहिरवार प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल अछोला तथा एचआर टंडन प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला गढ़सिवनी के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन के साथ में शुभारंभ हुआ।



अछोला प्राचार्य पीएल गहीरवारे द्वारा संकुल की ओर स्वागत उद्बोधन में सभी सेवानिवृत शिक्षकों के साथ उपस्थित नागरिकों एवं समस्त संकुल परिवार के सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात येत राम साहू प्रधान पाठक एवं धनीराम साहू व्याख्याता ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों का उनके कार्यों से अवगत कराया। सर्वप्रथम नेमू सिंह ध्रुव व्याख्याता, घासीराम कंवर व्याख्याता एवं दिवाकर सिंह ठाकुर प्राचार्य द्वारा सभी ने सहायक शिक्षक से शासकीय सेवा आरम्भ कर आगे पद पर पदोन्नत होकर जो कार्य किये उन बातों को अपने सेवा काल में किए गए कार्यों का संस्मरण साझा कर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासकीय सेवा मुक्त हुए। अब अपने अनुभव का लाभ समाज देने का वचन दिए। श्रवण कुमार दास पूर्व संकुल प्राचार्य स्वास्थ्यगत कारणों से कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाए। उनके सम्मान में साल, श्रीफल स्मृति चिन्ह शाला परिवार के सदस्यों को प्रदान किया गया।

अंत में जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर के ख्याति प्राप्त शिक्षविद चिंतक डॉ समीर चंद्र प्रधान प्राचार्य सेजेस पटेवा का भी संकुल केंद्र की ओर से सम्मान कर विदाई दिया गया। प्रधान ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक का प्रथम पारी समाप्त होकर के अब अगला पड़ाव समाज सेवा एवं स्वयं के लिए होगा। खासतौर से उन्होंने अपनी कार्यकाल में किए गए विभिन्न शासकीय दायित्वों व अपने कार्यशैली जिसमें स्व अनुशासित होकर के स्वयं मनन चिंतन करना, विद्यार्थियों और शिक्षकों के मध्य पारस्परिक संबंध कैसे हो किस तरह से हम अध्ययन अध्यापन को सरल और सहज बनाते हुए छात्रों को मार्गदर्शन करें। इसी क्रम में गढ़सिवनी के सरपंच खोमलता ध्रुव एवं अछोला के सरपंच संतोष साहू द्वारा भी सेवानिवृत शिक्षकों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संकुल प्राचार्य तुलेंद्र कुमार सागर ने सेवानिवृत शिक्षकों द्वारा विद्यालय में शासकीय कार्यों को निर्विघ्न निर्वहन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक मानिक लाल साहू ने किया।

कार्यक्रम में वेदराम गिलहरे संकुल सम्यक भोरिंग, हेतराम साहू प्रधान पाठक अछोली, सुनीता बार्लो प्रधान पाठक अछोला, खिलावन साहू प्रधान पाठक जोबा, प्राथमिक स्कूल से मोहिनी साहू प्रधान पाठक अछोली, चंद्रिका साहू प्रधान पाठक जोबा, भारत लाल निषाद प्रधान पाठक गढ़सिवनी, दिलीप कुमार साहू प्रधानाचार्य एवं संतोष कुमार साहू प्रधानाचार्य अछोला, धनीराम साहू, वोमन लाल ठाकुर, रितेश जोशी, लक्ष्मी ठाकुर, प्रीति यादव, कुसुम देवांगन, लोकेश आवले, योगेश साहू, राधेश्याम यादव, देऊक साहू, मनीष भृंगराज, मंथिर यादव आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ ने जनगणना समय में बदलाव या वैकल्पक व्यवस्था की मांग की

# 1 मई से जनगणना का घर-घर सर्वे, भीषण गर्मी में ड्यूटी पर शिक्षकों ने जताया ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना के पहले चरण की शुरुआत से ठीक पहले प्रदेश में जारी भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच शिक्षकों ने जनगणना कार्य में अपनी ड्यूटी लगाए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। शिक्षक संघ का तर्क है कि जब शासन खुद आम जनता के लिए गर्मी से बचाव की एडवाइजरी जारी कर रहा है तो ऐसी स्थिति में शिक्षकों को तपती धूप में घर-घर भेजना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

दरअसल राज्य में वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के अनुसार, मई की झुलसा देने वाली गर्मी में फील्ड वर्क करना जानलेवा साबित हो सकता है। शिक्षकों का कहना है कि डेटा संग्रह के लिए उन्हें घंटों पैदल चलना होगा, जिससे लू लगने और गंभीर रूप से बीमार होने का खतरा बना रहेगा। संघ ने मांग की है कि या तो जनगणना के समय में बदलाव किया जाए या इस कार्य के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।




### 1 करोड़ का बीमा और सुरक्षा की मांग

शिक्षक संघ ने केवल समय बदलने की ही मांग नहीं की है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से एक बड़ी मांग शासन के सामने रखी है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि इस चुनौतीपूर्ण मौसम में शिक्षकों से जनगणना कार्य कराया जाता है तो किसी भी अनहोनी की स्थिति में संबंधित शिक्षक के परिवार के लिए 1 करोड़ रुपए के बीमा का प्रावधान होना चाहिए।

### शिक्षा मंत्री ने दिया सेवा-शर्तों का हवाला

शिक्षकों की इस आपत्ति और मांगों पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की नियुक्ति की सेवा-शर्तों में राष्ट्रीय कार्यों के प्रति उनकी जवाबदेही पहले से शामिल है। शासन का मानना है कि जनगणना एक अनिवार्य और राष्ट्रीय हित का विषय है, जिसे समयसीमा के भीतर पूरा करना आवश्यक है। मंत्री ने संकेत दिए हैं कि सेवा-शर्तों के तहत शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही संभव नहीं है।

### सेल्फ गणना की प्रक्रिया जारी

छत्तीसगढ़ में 16 अप्रैल से 'सेल्फ गणना' की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन एक मई से जमीनी स्तर पर घर-घर जाकर सर्वे का काम शुरू होना है। जनगणना विभाग और प्रशासन इसे देश के भविष्य के लिए अनिवार्य मान रहे हैं। वहीं शिक्षक इसे मानवीय दृष्टिकोण से देखने की अपील कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 5 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिंघी के मृतक द्रोण निषाद के पिता मदन निषाद के लिए, मृतक दुष्यंत निषाद के पिता डगेश्वर निषाद एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम अरंड के मृतक कुमार सिंह मरकाम की पत्नी अहिल्या बाई ध्रुव के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह विद्युत तार की चपेट में आने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखंड के ग्राम लिमउगुड़ा के मृतक सेतलाल साव की पत्नी बालमोती साव के लिए तथा आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुखीपाली के मृतक तीर्थराज भोई की पत्नी हेमकुमारी भोई के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 27 अप्रैल सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे शांत्रीबाई महाविद्यालय के सभागार में हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा रहीं। अध्यक्षता केशव नायकराम चंद्राकर (अध्यक्ष, च.कु.क्ष. समाज, रायपुर राज) ने की। विशिष्ट अतिथियों में आलोक चंद्राकर (उपाध्यक्ष जीव-जंतु कल्याण बोर्ड छग शासन), पूनम चंद्राकर (पूर्व राज्य मंत्री छग शासन), देवेंद्र चंद्राकर (अध्यक्ष राम जानकी मंदिर ट्रस्ट), महेंद्र चंद्राकर (पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष, च.कु.क्ष. समाज), राजेंद्र चंद्राकर (उपाध्यक्ष, च.कु.क्ष. समाज), वतन चंद्राकर (पूर्व अध्यक्ष, च.कु.क्ष. समाज, रायपुर राज), हिम्मत चंद्राकर (पूर्व महामंत्री, च.कु.क्ष. समाज) एवं कृष्ण कुमार चंद्राकर (पूर्व का. अध्यक्ष, नगर पालिका महासमुंद) सहित शिक्षण समिति के सदस्य, समाज के अनेक वरिष्ठजन, शांत्रीबाई महाविद्यालय एवं चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के समस्त स्टाफ, छात्र/छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित रहे।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित, दीप प्रज्वलित एवं छत्तीसगढ के राजकीय गीत के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात शिक्षण समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष चंद्राकर द्वारा पुष्पगुच्छ, साल व श्रीफल भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। साथ ही अन्य उपस्थित अतिथियों का स्वागत शिक्षण समिति के पदाधिकारियों एवं महाविद्यालय व विद्यालय स्टाफ द्वारा पुष्पगुच्छ, साल व श्रीफल भेंट कर किया गया।

समारोह के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों में अध्यक्ष के रुप में राहुल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर एवं कार्यकारिणी संचालक सदस्य के रुप में चंद्रपाल चंद्राकर, द्रोण चंद्राकर, केशव चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, धर्मराज चंद्राकर, निधि चंद्राकर, धरमचंद चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, चंद्रमणि चंद्राकर, दयालु चंद्राकर, सुरेखा चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, जब्बर चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, प्रसुन चंद्राकर, निखिल नुकेश चंद्राकर ने शपथ ली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति महासमुंद द्वारा आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होना मेरे लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है। आज का यह अवसर केवल पद ग्रहण करने का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, सेवा और समर्पण का संकल्प लेने का भी है। नवनियुक्त पदाधिकारी समाज के विश्वास और अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। समाज के वरिष्ठजनों ने शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति के लिए शिक्षण समिति के गठन को सही दिशा दे व इसे निरंतर आग बढाते रहे। चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि हमारा समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब हम शिक्षा, एकता और संस्कार को अपना आधार बनाएं। शिक्षा ही वह माध्यम है, जो समाज को सशक्त बनाती है और नई दिशा प्रदान करती है। छत्तीसगढ़ चंद्रनाहुं शिक्षा समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं और भविष्य में भी यह संस्था नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने कहा कि आज मैं यह पद केवल एक सम्मान के रूप में नहीं, बल्कि सेवा और उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार कर रहा हूं। आप सभी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसे मैं पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। हमारी समिति का मुख्य उद्देश्य शिक्षा का विकास, समाज की एकता और युवा पीढ़ी का सशक्तिकरण है। आने वाले समय में हम सभी मिलकर ऐसे कार्य करेंगे, जिससे हमारे समाज को नई दिशा और पहचान मिले। मैं विशेष रूप से अपने वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और युवाओं के सहयोग से समाज के विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लेता हूं। हम सभी का प्रयास रहेगा कि हमारी समिति पारदर्शिता, समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य करे। मैं अपने सभी साथियों एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों से भी अपेक्षा करता हूँ कि हम सब मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करें और समाज को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाएं।

### छात्रों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में छग चंद्रनाहूं शिक्षण समिति द्वारा संचालित चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 93 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वंशिका चंद्राकर एवं 90.6 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा जिनिशा चंद्राकर को सांसद लक्ष्मी वर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में छग चंद्रनाहू शिक्षण समिति द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# द न्यू होली फेथ स्कूल में स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

द न्यू होली फेथ स्कूल में पालक सम्मेलन के साथ शिक्षण सत्र 2025-26 का परीक्षा फल कर घोषित किया गया है। जहां परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन एवं प्राचार्य शर्वरी पींचा द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, तिलक, वंदन, चंदन कर किया गया। चेयरमैन महेंद्र ने नर्सरी से उच्चतर विद्यालय के विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रगति के लिए संदेश देते हुए कहा कि जो कठिन परिश्रम करते हैं जैसे अध्यापन, चिकित्सा, किसी भी क्षेत्र में हो सफलता उनके कदम चूमती है। हमें निरंतर संघर्ष करते रहना चाहिए। प्राचार्य शर्वरी पींचा ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ हमें सभी क्षेत्रों में आगे रहना चाहिए। कक्षा नर्सरी से प्रवीण्य स्थान में भव्य चंद्राकर, जी अंकित राव, खुशी दुबे, एलकेजी




से साहिल कुमार साहू,चैतन्य वर्मा, एलकेजी बी से हंसिका साहू, निकिता निषाद, पारुल ध्रुव, जयेश चंद्राकर, यूकेजी से ऋषिका सोनी प्रथम, शुभ्य साहू द्वितीय, अनन्या साहू तृतीय, क्लास वन ए से देविका कन्नौजे, शष्टिका सूर्यवंशी, नोहिता चंद्राक, क्लास बी से मोक्षांश सिन्हा, हनोक अजय साहू, दिशा भारती, व्योम चंद्राकर, क्लास टू से युवराज मंगलानी प्रथम, अंकिता साहू द्वितीय, ओम चंद्राकार तृतीय, क्लास थ्री ए से लव्या चंद्राकर प्रथम, जैनेट गडड़िया द्वितीय, ऋषिका यादव तृतीय, क्लास थ्री बी में गुंजिता साहू प्रथम, चित्रांक्षी मानिकपुरी द्वितीय,चारु वर्मा तृतीय, फोर ए में शनाया थधानी प्रथम, आशुतोष गुप्ता द्वितीय, कुणाल साव तृतीय, फोर बी में वैष्णवी निर्मलकर प्रथम, पार्थ औसर द्वितीय, जपमन सिंग तृतीय, सिक्स ए में राशि चंद्राकर प्रथम, रणबीर चंद्राकर द्वितीय, आराध्या चंद्राकर तृतीय, सिक्स बी सौम्या गुप्ता प्रथम, तुबा फातिमा द्वितीय, अर्चना शर्मा तृतीय, सेवन ए तारिणी साहू प्रथम, मांशी साहू द्वितीय, नेहा साहू तृतीय, सेवन बी आरवी साहू प्रथम, पीहू सोनी और तन्मय धीवर द्वितीय, जी हरिकेश राव तृतीय, कक्षा नौवीं से गौरव निषाद प्रथम, अदिति बंजारे द्वितीय, होमराज नारायण तृतीय, कक्षा ग्यारहवीं ( वाणिज्य संकाय) से लीना ठाकुर प्रथम, देविका मानिकपुरी द्वितीय, अदिति चंद्राकर तृतीय एवं विज्ञान संकाय से यास्मीन यादव प्रथम, गुरलीन कौर द्वितीय, श्रुति साहू तृतीय स्थान पर रहे।

### स्काउट-गाइड ने पशु-पक्षियों के लिए बनाया आशियाना



**महासमुंद।** आशी बाई गोलछा शासकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय के स्काउट-गाइड ने शाला के प्राचार्य जीआर सिन्हा के निर्देशन एवं गाइड कैप्टन लता वैष्णव के मार्गदर्शन में ग्रीष्म ऋतु के बढ़ती धूप व भूख-प्यास से पशु-पक्षियों को बचाने व उसके उनके रहने के लिए घासफूस, गत्ते, नारियल पटसन के रेशे आदि से छोटे-छोटे घोसले बनाकर उसे पेड़ों पर लटकाया गया। जिससे वे अपने आपको तेज धूप से बचा सके। साथ ही उनके भोजन के लिए अनाज के दाने व धान की बालियों से चिरई चुगनी बनाकर पेड़ की टहनी पर लटकाकर, मिट्टी की नांदी में पानी भर कर रखा। जिससे पक्षियों को आसानी से भोजन पानी मिल सके। यह पुनीत कार्य को कर सभी स्काउट-गाइड ने स्काउटिंग के पांचवे नियम स्काउट/गाइड पशु पक्षियों का मित्र व प्रकृति प्रेमी होता है का परिचय दिए। उक्ताशय की जानकारी गाइड लीडर लता वैष्णव द्वारा दी गई ।



### वार्ड 8 के विकास को लेकर पार्षद जरीना का सम्मान

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 8 के विकास कार्यों को लेकर भाजपा शहर मंडल द्वारा पार्षद जरीना हफीज कुरैशी को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। गत दिनों वार्ड में भाजपा का वार्ड चलो अभियान के तहत संगठन के नेताओं ने वार्ड भ्रमण में देखा कि वार्ड क्र. 08 शासकीय अस्पताल के सामने धाम गली एवं मस्जिद के पीछे कुल 4 पानी की टंकी एवं बोर में मोटर पार्षद निधि से जरीना हफीज कुरैशी ने लगवाए, जिससे लगभग 100 परिवारों को राहत मिलेगी। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंग पाली, पूर्व पार्षद मीना वर्मा, सुनीता साहू, फगवा पटेल, भगवती करकसे, सारिका यादव आदि उपस्थित थे।

# सेजेस नयापारा में कक्षा 9वीं व 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में कक्षा 9वीं व 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। प्राचार्य अमी रूफस ने कक्षा 9वीं व 11वीं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को अंक सूची प्रदान कर प्रोत्साहित किया। घोषित परिणामानुसार कक्षा 9वीं में 95.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चिराग यदु प्रथम, 89.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भूमिका साहू द्वितीय, 86.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जागृति साहू तृतीय रहीं।

कक्षा 11वीं गणित में 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चेतना साहू प्रथम, 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ज्योति ध्रुव द्वितीय, 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर धात्री साहू तृतीय रहे। कक्षा 11वीं बायोलॉजी में 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्कृति चंद्राकर प्रथम, 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेघा चंद्राकर द्वितीय, 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रिया साहू तृतीय रहीं। कक्षा 11वीं कॉमर्स में 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रियंका कंसारी प्रथम, 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त ख्याति चंद्राकर द्वितीय, 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किरण बिभार तृतीय रहे। कक्षा 9वीं का कुल प्रतिशत 81.52 रहा तथा 11वीं गणित संकाय 100 प्रतिशत, विज्ञान संकाय 100 प्रतिशत एवं वाणिज्य संकाय का 90 प्रतिशत परिणाम रहा।

संस्था प्रमुख प्राचार्य अमी रूफस द्वारा समय सुबह 9 बजे समस्त पालकों एवं विद्यार्थियों के बीच वार्षिक परीक्षा परीणाम की घोषणा की गई। प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम चाहे जो भी हो नंबर के पीछे नहीं भागना है तथा अपने रुचियों को ध्यान में रखते हुए बच्चों को उस कार्य को करने के लिए प्रेरित करना है तथा पालकों को भी आग्रह किया कि अपने रुचि एवं अपनी इच्छाओं को बच्चों पर न थोपे।

अंक सूची वितरण में वरिष्ठ व्याख्याता गोसाईराम टांडेकर, प्रियंका पीटर, ओमप्रकाश देवांगन, हरीश पांडेय, प्रणिता शर्मा, प्रधानपाठक रूपा पांडेय, प्रधानपाठक कीर्ति थवाईत, शिवा कोटेश्वरमा, विकास यादव, डॉ शशबीर कौर, मितेश शर्मा, नेहा दुबे, कल्याणी सोनकर, रंजीत सिंह रूपराह, तृषा शर्मा, दिव्येश वाणी, हीरालाल जोशी, हेमलाल चक्रधारी, भामा प्रधान, राधिका जोशी, नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, अंजू चंद्राकर, ध्रुति श्रीवास्तव, अंशु माला बारिक, ऋतुराज देवांगन, मदन कौशिक, रवि ठाकुर, अंजू चंद्राकर, मनीषा कन्नौजे, अंजलि कहार, प्रेम यादव, दीपक लहरी, चंद्रदीप साहू, बिंदेश्वरी जोशी, मोहन, प्रकाश, झम्मन, गणेश, दुर्गा आदि उपस्थित रहे।

### बस स्टैंड में पेयजल व शरबत वितरण

**सरायपाली।** भीषण गर्मी को देखते हुए स्व. सुशील जैन की स्मृति में उनके मित्रों द्वारा शहर के सभी 15 वार्डों के लिए पेयजल की आपूर्ति के लिए पानी टैंकर की शुरूआत की गई है। इस टैंकर के माध्यम से प्रतिदिन शहर के जिस भी वार्ड में पेयजल की आवश्यकता होगी, वहां पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा मित्र मंडल द्वारा शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक के पास स्व. सुशील जैन की स्मृति में ही तेज गर्मी में आने-जाने वाले राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए आज से शरबत वितरण भी प्रारंभ किया गया है। यहां से प्रतिदिन नियमित रूप से राहगीरों को शरबत उपलब्ध कराया जाएगा। ज्ञात हो कि स्व.जैन वर्षों तक व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष रहे और सदैव जन सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते थे। विपरीत परिस्थितियों में भी वे हमेशा लोगों की मदद के लिए आगे आते थे, जिसके कारण क्षेत्र में उनकी छवि एक प्रतिष्ठित जनसेवक के रूप में बनी हुई थी। उनके इसी सेवा कार्यों को आगे बढ़ाते हुए आज मित्र मंडल द्वारा पेयजल और शरबत वितरण का कार्य प्रारंभ किया गया है।

# भूपेश बघेल की लोकप्रियता से भाजपा में घबराहट : आलोक चंदाकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरूद्ध सोशल मीडिया में वायरल एआई जनरेटेड वीडियो को

- एआई जनरेटेड फेक वीडियो वायरल कर पूर्व सीएम की छवि खराब करने की नाकामयाब कोशिश

भाजपा सरकार की साजिश करार देते हुए जीव जंतु कल्याण बोर्ड छग शासन के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकप्रियता व शासन की गलत नीतियों के खिलाफ उनके द्वारा उठाए जा रहे जनहित के मुद्दों से घबराकर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल लगातार शासन के कमियों व भ्रष्टाचार को उजागर कर रहे हैं, जिससे घबराकर सरकार इस प्रकार का कृत्य कर रहा है।संयुक्त महामंत्री आलोक ने कहा कि सर्वविदित है कि कांग्रेस शासन काल में जनहित के अनेक योजनाएं चलाए गए। 5 साल तक पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में हर वर्ग के विकास को ध्यान में रखकर काम किया गया। वर्तमान भाजपा की साय सरकार ने प्रदेशवासियों से झूठे वादे कर सरकार तो बना ली। लेकिन, उन वादों पर क्रियान्वयन भूल गया। आज प्रदेशवासी महंगी बिजली बिल, जमीन रजिस्ट्री, पेट्रोल, डीजल, गैस की महंगाई का मार झेल रहे हैं। सरकार महंगाई के मुद्दे पर बात तक नहीं करती। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2023 विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रदेशवासियों से जो वादे किए, उनमें दो-एक को छोड़कर सारे वादे केवल वादे ही रह गए। उन्होनें कहा कि शासन के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकार निम्न स्तर की राजनीति करने से नहीं चूक रही। समाज में वैमनस्य फैलाने और राजनीतिक वातावरण को विषाक्त करने की मानसिकता से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का एआई जनरेटेड वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया गया। भाजपा सरकार की इस साजिश को प्रदेश की जनता देख रही है। आगामी समय में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। चंद्राकर ने कहा कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों को सजा दिलाए।



### इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट का आयोजन सरायपाली में आज

**महासमुंद।** रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा इंडस्ट्रीज और बैंकर्स मीट का आयोजन 29 अप्रैल 2026 को अपराह्न 3 बजे से जोका कैफे नगर पालिका के पास पतेरापाली रोड सरायपाली में किया जाएगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों तथा बैंक अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए बैंकिंग सेवाओं, ऋण योजनाओं एवं वित्तीय सहायता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना तथा उद्यमियों को आने वाली वित्तीय चुनौतियों के समाधान के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यशाला में बैंक अधिकारी, एमएसएमई उद्यमी, चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) सहित अन्य इच्छुक व्यक्ति शामिल होकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाएं, छूट, अनुदान एवं रियायतों की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना से संबंधित जानकारी भी साझा की जाएगी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने विकासखंड सराईपाली के सभी इच्छुक उद्यमियों एवं लाभार्थियों से इस निःशुल्क कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर एक मई को गृहे-गृहे यज्ञ अभियान

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा 1 मई बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पूरे देश में गृहे-गृहे यज्ञ अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले को 5,000 घरों में यज्ञ कराने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके तहत जिले के सभी ब्लॉकों में प्रत्येक ब्लॉक में 1000 घरों में यज्ञ संपन्न कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अतः सभी ब्लॉक संयोजक एवं समन्वयकों से निवेदन है कि वे अपने-अपने ब्लॉकों में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गृहे-गृहे यज्ञ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कराएं। महासमुंद ब्लॉक में भी सभी इकाइयों को 108 घरों में यज्ञ कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए सभी इकाइयों से संपर्क कर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक / 584/तह/वाचक/2026
बागबाहरा दिनांक 24/04/2026
रा.मा.क्र. व/121, वर्ष 2025-26
ग्राम बीकेबाहरा पहनं 13 तहसील बागबाहरा

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम बीकेबाहरा पहनं 13 रानिम खल्लारी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित पिता माखन जाति गोड़ निवासी ग्राम बीकेबाहरा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्र रमेश जाति गोड़ की जन्म दिनांक 22.1.2007 को हो गई है। जन्म पत्र नही होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 08/05/2026 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 24/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं स्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बागबाहरा



### शहर में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी का हुआ स्वागत

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल द्वारा राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का महासमुंद प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। उनका स्वागत भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भाजपा कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मीडिया सह प्रभारी आनंद साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, पीयूष साहू, माखन पटेल, चंद्रशेखर बेलदार, भाऊ राम साहू, ऋषभ बाफना, दिनेश रूपरेला, गोविंद सिंह ठाकुर, हनीश बग्गा, शरद मराठा, नंदू जलक्षत्रि, अमित साहू, दुर्गा सर्व, पुष्पांजलि सिन्हा, दुर्गा चंद्राकर, चंद्रलेखा चंद्राकर, काजल, ललिता आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### झलमला में साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ 2 को

**नर्रा।** ग्राम पंचायत राटापाली के आश्रित झलमला में 2 मई शनिवार को साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया जाएगा। अब नर्रा के बाद झलमला में साप्ताहिक बाजार शुरू होने से आसपास के ग्रामीणों को दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं व सब्जियां मिलेंगी। नर्रा क्षेत्र अलग-अलग साप्ताहिक बाजार लगेगा। जिसके तहत अब गुरुवार को नर्रा, शुक्रवार परसुली, शनिवार झलमला, रविवार बिंद्रावन, सोमवार उखरा, मंगलवार खट्टी और बुधवार को पंडरीपानी में बाजार लगता है।

### परिजन को 2 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दो लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर ग्राम छुईपाली राफेल चौक के पास गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 15 महलपारा निवासी सुभाष नायक की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी पत्नी मिथिलेश नायक को दो लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### निधन

### कुसुम बाई सोनी

**तेंदूकोना।** स्थानीय निवासी वरिष्ठ नागरिक राम सोनी की धर्मपत्नी



कुसुम बाई सोनी का आकस्मिक निधन सोमवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे प्रेमलता सोनी व अनिल सोनी की माता थीं।

**विज्ञान चर्चा:** महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न विषयों पर एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

# बेसिक साइंस, पर्यावरणीय समस्या पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद नवा रायपुर छत्तीसगढ़ एवं शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान संकाय द्वारा प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में 28 अप्रैल को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. कृतिका जे नामदेव सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर, डॉ. शम्स परवेज प्रोफेसर रसायन शास्त्र पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर एवं डॉ. एनके चक्रधारी एसोसिएट प्रोफेसर भौतिक शास्त्र पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर तथा अध्यक्षता प्राचार्य करुणा दुबे, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख एवं कार्यक्रम सह समन्वयक मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए मुख्य वक्ताओं का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। करुणा दुबे ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान में समसामयिक अद्यतन, टेक्नोलॉजी में आगे होना चाहिए। साथ ही हमें बेसिक साइंस, पर्यावरणीय समस्याएं, जल संरक्षण, बढ़ते तापमान, नो प्लास्टिक इन सब के बारे में जानकारी प्राप्त कर हमें आत्मसात करना चाहिए कि हम क्या कर सकते है। इसके लिए हम सकारात्मक सोच के साथ परिवार, समाज, देश एवं दूसरों को लाभांवित करें। साथ ही हम नियमों और सिद्धांतों से आगे बढ़े।



डॉ. ईश्वरी प्रसाद चेलक ने कार्यक्रम पाठन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए हम अपने स्तर पर किस प्रकार से प्रयास कर सकते है। साथ ही विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज में जागरूकता लाए। विज्ञान के विद्यार्थी होने के नाते वैज्ञानिकी सोच होना आवश्यक है। डॉ कृतिका जे नामदेव ने बेसिक साइंस विषय पर अपने विचार रखते हुए मानव-ज्ञान की खोज, बुनियादी विज्ञान क्यों आवश्यक है? बैंथम और हूकर वर्गीकरण का ज्ञान, कमल के पत्ते से बना लोटसन पेंट (बायोमिमिक्री), वैश्विक चुनौतियों का सामना करना, खाद्य सुरक्षा और कृषि, मृदा विज्ञान पर अपने वक्तव्य विद्यार्थियों से साथ साझा किया। साथ ही कहा कि कण-कण में विज्ञान है। डॉ शम्स परवेज ने अपने विषय एयर क्वालिटी मॉनेटरी एसेसमेंट एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत वायु प्रदूषण का प्रभाव, पीएम 2.5, पीएम 10, जलवायु परिवर्तन, ब्लैक कार्बन एवं ब्राउन कार्बन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही फोटो केमिकल स्मॉग, हिमालय के ग्लेशियर का पिघलना, पॉकेट रैंस, आर्द्रता में कमी साथ ही व्यक्तित्व का विकास एवं वर्तमान युग में कंप्यूटर साइंस की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया और कहा कि स्वयं जागरूक होकर अपने पर्यावरण के बारे में सोचना महत्वपूर्ण है। डॉ एनके चक्रधारी ने अपने विषय स्पेस साइंस विषय से तारों की जीवन गाथा पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने तारों का जन्म किस प्रकार से होता है, तारों में ऊर्जा का स्रोत, तारों का आयु काल, चंद्रशेखर लिमिट, सुपरनोवा एक्सप्लोजन, एस्ट्रोसेट एवं हिमालया चंद्र टेलीस्कोप के बारे में विस्तृत से बताया।

पूर्व में वैज्ञानिक की गतिविधियों पर आधारित रंगोली पोस्टर एवं कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जहां प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिए विज्ञान संकाय के सभी सहायक प्राध्यापक, अतिथि सहायक प्राध्यापक एवं जनभागीदारी व्याख्याताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सेमिनार में प्रियंका सोनवानी, सरस्वती सेठ, डॉ जगदीश सत्यम, डॉ जागृति चंद्राकर, डॉ प्रिया बारीक, नम्रता तंबोली, रुपावती, सीपी चतुर्वेदी, रोहिणी देवांगन, प्रकाशमणि साहू, किरण साहू, मुकेश ढीढी, पूर्णिमा साहू, तेजस्वनी साहू, मनीष साहू, रोहित कन्नौजे, हरिचंद निषाद, मनीष नागवंशी, शशांक दानी सहित स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी अधिक संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कन्हेर विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र एवं आभार प्रदर्शन मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिक ने किया।

**भक्ति का माहौल, संकीर्तन कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

# अंकोरी में जगन्नाथ मंदिर वार्षिक उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनपद क्षेत्र के आदर्श ग्राम अंकोरी में जगन्नाथ मंदिर के तृतीय वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित वार्षिक उत्सव एवं अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन महायज्ञ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। चिलचिलाती भीषण गर्मी के बीच भी हरिनाम का अखंड जाप अद्भुत आस्था, अटूट श्रद्धा और दिव्य भक्ति की अलौकिक अनुभूति से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे ग्राम में आध्यात्मिक माहौल बना रहा।

इस अवसर पर जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कीर्तन स्थल में विधि-



विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामवासियों ने श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। सिन्हा ने भोग-भंडारे में सहभागिता करते हुए ग्रामीणों से आत्मीय भेंट-मुलाकात की। विभिन्न कीर्तन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भक्ति-भावना से ओतप्रोत भजन-कीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सभापति सिन्हा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं, जो समाज में एकता, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य राजेंद्र डडसेना, विधायक कार्यालय प्रभारी महेंद्र प्रधान, सरपंच दीप मिश्रा, सोसायटी अध्यक्ष मुरलीधर नायक, रविंद्र डडसेना, नरेंद्र साहू, हीराधर साव, डॉ. सुभाष डडसेना, सुरेंद्र साहू, बीरेंद्र बरिहा, गजानंद डडसेना, प्यारी निषाद, नेहरू सिदार, कुमारमणि, जयलाल डडसेना, कार्तिकराम, पंडित रूपानंद दास, पुजारी किशोर महापात्र, दीपक साहू, चमरू बारिक, छेदूराम निषाद, धर्मराज प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**ग्रामीणों ने की बोर खनन की मांग**

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में व्याप्त पेयजल की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए बोर खनन कर स्थायी समाधान की मांग की। साथ ही अन्य स्थानीय समस्याओं से भी सभापति को अवगत कराया गया। इस पर सिन्हा ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय विधायक एवं संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।




